भर्ती हेतु सूचना

परामर्शदाता – स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य आयोजना और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। अलग–अलग क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणालियों, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य आयोजना और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे। यह स्वास्थ्य प्रणालियों के व्यापक सुदृढ़ीकरण को सहयोग प्रदान करने, जिला और उप जिला कार्यान्वयन से सीखने, जानकारी को स्वरूप प्रदान करने और सबके लिए स्वास्थ्य की अवधारणा को साकार करने का एक अवसर है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता – स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी की भर्ती करने का इच्छुक है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- उपकरणों के लिए तकनीकी विनिर्देश तैयार करना।
- लागत प्रभावी चिकित्सा उपकरणों और निदानों की पहचान के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- द्वितीयक डेटा अनुसंधान सहित उपकरणों और निदानों की सुरक्षा और प्रभाविता का मूल्यांकन करना।
- उपकरणों और निदानों के लिए लागतों और मूल्य निर्धारण पर डेटा/बाजार अनुसंधान का विश्लेषण करना।
- उपकरण एवं निदान संबंधी गुणवत्ता मूल्यांकनों पर तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।
- चिकित्सा उपकरणों/खंड पर व्यापार नीति अनुसंधान और विश्लेषण करना।
- समय–समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्य करना।

योग्यताएं और अनुभवः

- नैदानिक/जैव चिकत्सा इंजीनियरिंग में बी.टेक/बी.ई होना अनिवार्य है। इंजीनियरिंग/प्रबंध में स्नातकोत्तर उपाधि वांछनीय है।
- उपकरणों/निदान/नैदानिक अनुसंधान/व्यवस्थित समीक्षाओं के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य या उपकरणों/निदान पर प्रकाशित अध्ययनों/परीक्षण का मेटा विश्लेषण वांछनीय है।
- उपकरणों और निदान सत्यापन/मूल्यांकन में विशेषज्ञ विश्लेषण भूमिकाओं में योग्यता उपरांत न्यूनतम 2 वर्षों का कार्य अनुभव।
- एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट जैसे आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने हेतु वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- बहु–अनुशासनात्मक टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- स्वास्थ्य प्रणालियों के विकास संबंधी जानकारी वांछनीय है।
- तकनीकी सूचना एकत्र करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और उस सूचना को एक अनुसंधान साक्ष्य के रूप में संकलित/परिवर्तित करने की योग्यता।

- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः अधिकतम 40 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)।

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने का इच्छुक

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 60,000/– रु. से 1,20,000/– रु. के बीच
**योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा के भीतर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 12 जून, 2020 तक केवल **recruitment.hct.nhsrc@gmail.com** पर ई–मेल कर दें। कसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।